बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

दिनांक 27.04.2021 को विज्ञापन संख्या – 01/2020, सहायक अभियोजन पदाधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा के परीक्षाफल में अंकित कट–ऑफ अंक के संबंध में स्पष्टीकरण

सहायक अभियोजन पदाधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा (वि०सं० 01/2020) का परीक्षाफल दिनांक 27.04.2021 को प्रकाशित किया गया है जिसमें आरक्षण कोटिवार कट–ऑफ अंक भी अंकित है।

कार्मिक एवम् प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प संख्या 2374, दिनांक 16.07.2007 की कंडिका 7 एवं पत्रांक 6706 दिनांक 01.10.2008 के आलोक में उक्त परीक्षा के अन्तर्गत न्यूनतम अर्हतांक (Minimum Qualifying Marks) निम्नवत् है:–

कोटि	कुल पूर्णांक – 246 के अनुसार न्यूनतम अर्हतांक
सामान्य वर्ग (पुरूष) एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (पुरूष)	40% = 98.400
पिछड़ा वर्ग (पुरूष)	36.5% = 89.790
अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष)	34% = 83.640
अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला एवं विकलांग	32% = 78.720

उपर्युक्त न्यूनतम अर्हतांक (Minimum Qualifying Marks) प्राप्त नहीं करनेवाले उम्मीदवारों को मेधा सूची में शामिल नहीं किया गया है। आरक्षित वर्गों – अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में 10 गुणी संख्या के अनुसार पर्याप्त संख्या में न्यूनतम अर्हतांक प्राप्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने के कारण सम्बन्धित कोटियों की **महिलाओं सहित** निशक्त उम्मीदवार, स्वतंत्रता सेनानी कोटि के सभी उम्मीदवार सफल उम्मीदवारों की सूची में शामिल हैं।

अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अन्तर्गत सफल घोषित अन्तिम पुरूष उम्मीदवार का कुल प्राप्तांक – 83.750 है जबकि उक्त कोटि के अन्तर्गत अन्तिम सफल घोषित महिला उम्मीदवार का कुल प्राप्तांक – 78.750 है जो उक्त कोटि का कट–ऑफ अंक है।

पिछड़ा वर्ग के अन्तर्गत सफल घोषित अन्तिम पुरूष उम्मीदवार का कुल प्राप्तांक – 90.250 है जबकि उक्त कोटि के अन्तर्गत अन्तिम सफल घोषित महिला उम्मीदवार का कुल प्राप्तांक – 78.875 है जो उक्त कोटि का कट–ऑफ अंक है।

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अन्तर्गत सफल घोषित अन्तिम पुरूष उम्मीदवार का कुल प्राप्तांक – 98.500 है जबकि उक्त कोटि के अन्तर्गत अन्तिम सफल घोषित महिला उम्मीदवार का कुल प्राप्तांक – 78.750 है जो उक्त कोटि का कट–ऑफ अंक है।

28.4.21

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना